nt>

Title: Need to set up industries in Pratapgarh Parliamentary Constituency, U.P. with a view to solve unemployment problem there - Laid.

श्रीमती राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में कोई उद्योग नहीं है। यह क्षेत्र औद्योगिक दृटि से अत्यंत पिछड़ा क्षेत्र है। यहां के लोग खेतीबाड़ी के सहारे अपने परिवार का लालन-पालन करते हैं और हर साल उनकी खेती सिंचाई के अभाव में खराब हो जाती है क्योंकि यहां की नहरों में पानी नहीं है और टयूबवैल को चलाने हेतु बिजली नहीं मिल पाती है। खेती बाड़ी के न होने से लोग अन्य राज्यों में नौकरी की तलाश में पलायन कर रहे हैं। जबकि इस क्षेत्र में अच्छी किस्म का आंवला पैदा होता, अच्छे किस्म के आम एवं अमरूद बड़ी तादाद में हो रहे हैं। अगर यहां पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित हो जाये तो किसानों को फायदा होगा और बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां के किसान गन्ने का उत्पादन भी करते हैं परंतु चीनी मिल के न होने से किसान अपने गन्ने को ईंधन के रूप में प्रयोग करते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में किसी आधारभूत उद्योग की स्थापना की जाये और चीनी मिल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना हेतु सरकार द्वारा प्रोत्साहन किया जाये, जिससे इस अत्यंत पिछड़े जिले का विकास हो सके।